nandgaon times oct-21-2.qxd 10/20/2024 10:41 PM Page 1

हार हमें नित् नई सीख... पृष्ठ 2 | प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स





।। जय श्री जलाराम ।।
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मोः 98274-61508, 83192-88559


सोमवार, 21 अक्टूबर 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 12, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए

## सरगुजा को मिली एयर कनेक्टिविटी : पीएम मोदी ने एयरपोर्ट का किया वर्चुअल शुभारंभ



**रायपुर।** देश के दूरस्थ आदिवासी बहुल अंचल छत्तीसगढ़ का सरगुजा ज़िला अब हवाई सेवा से जुड़ चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को वाराणसी से मां महामाया एयरपोर्ट, दरिमा का वर्चुअल उद्घाटन कर सरगुजा और इसके आसपास के जिलों को हवाई यात्रा की सुविधा का तोहफा दिया। इस मौके पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, राज्यपाल रमेन डेका, केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

**यह सरगुजा के लिए ऐतिहासिक क्षण : सीएम साय**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर कहा, च्मां महामाया एयरपोर्ट का उद्घाटन सरगुजा क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। यह केवल हवाई यात्रा को सुगम बनाने का प्रयास नहीं है, बल्कि हमारे आदिवासी समुदाय और दूरदराज के क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे क्षेत्र के लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, और रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। हमें गर्व है कि हम अपने प्रदेश को विकसित भारत 2047 के सपने की ओर बढ़ाने में योगदान दे रहे हैं। एयर कनेक्टिविटी न केवल यात्रा को आसान बनाएगी, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करेगी।ज्

**सरगुजा की बढ़ती संभावनाएं**

मां महामाया एयरपोर्ट के शुरू होने से सरगुजा के लोग सीधे रायपुर, दिल्ली, कोलकाता, जबलपुर, और अन्य बड़े शहरों से जुड़ सकेंगे। इस पहल से यहां के छात्रों को बेहतर शिक्षा के लिए बाहर जाने का मौका मिलेगा, व्यापारी अपने व्यापार को फैलाने के लिए नए बाजारों तक पहुंच सकेंगे, और सबसे महत्वपूर्ण, मरीजों को इलाज के लिए बेहतर सुविधाओं तक आसानी से पहुंच मिल सकेगी।

**पर्यटन के लिए नए रास्ते**

सरगुजा की खूबसूरत घाटियाँ, मैनपाट का हिल स्टेशन, और रामगढ़ की ऐतिहासिक गुफाएं यहां के प्रमुख पर्यटन स्थलों में गिनी जाती हैं। अब इस एयरपोर्ट के शुरू होने से पर्यटकों के लिए यहां आना आसान हो जाएगा। पर्यटन से जुड़े लोगों का मानना है कि इससे सरगुजा का आकर्षण और बढ़ेगा। स्थानीय गाइड शंकर कहते हैं, च्पहले पर्यटकों को यहाँ आने के लिए घंटों की सड़क यात्रा करनी पड़ती थी, पर अब वे सीधे फ्लाइट से आ सकते हैं। इससे हमारा पर्यटन व्यवसाय बढ़ेगा और स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा।ज्

**आर्थिक विकास और निवेश की संभावनाएं**

प्रधानमंत्री मोदी ने इस मौके पर सरगुजा के आर्थिक विकास की बात पर जोर देते हुए कहा कि यह एयरपोर्ट न केवल आवागमन को सरल बनाएगा बल्कि क्षेत्र में निवेश को भी आकर्षित करेगा। हवाई सेवा से यहां के स्थानीय उद्योगों को नए बाजार मिलेंगे, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। यहां के छोटे व्यवसाय, जैसे हस्तशिल्प, कुटीर उद्योग, और कृषि उत्पाद, अब देश के दूसरे हिस्सों में आसानी से पहुंच सकेंगे।देश का दूरस्थ आदिवासी बहुल अंचल छत्तीसगढ़ का सरगुजा ज़िला अब हवाई सेवा से जुड़ चुका है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आज वाराणसी से मां महामाया एयरपोर्ट, दरिमा, अम्बिकापुर का वर्चुअल उद्घाटन कर सरगुजा और इसके आसपास के जिलों को हवाई यात्रा की सुविधा का तोहफा दिया। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ की जनता को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत के एयरपोर्ट में विकसित की जा रही आधुनिक से आधुनिक सुविधाएं अब दुनिया में चर्चा का विषय बन गई हैं। सरगुजा अंचल में इस नए एयरपोर्ट के शुभारंभ से विकास के साथ-साथ रोजगार के भी नए अवसर खुलेंगे। इस मौके पर छत्तीसगढ़ के राज्यपाल श्री रमेन डेका, मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय, केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री राममोहन नायडू, छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव, केन्द्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्री श्री तोखन साहू, सहित छत्तीसगढ़ के मंत्रिमंडल के सदस्य, सांसद एवं विधायक उपस्थित थे। यह हवाई सेवा सरगुजा और इसके आस-पास के जिलों जैसे जशपुर, सूरजपुर, बलरामपुर, कोरिया, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के लाखों लोगों के जीवन में एक



नया अध्याय लेकर आएगी। इससे लोगों को आसानी से देश के बड़े शहरों तक हवाई यात्रा की सुविधा मिलेगी, जो पहले के मुकाबले किफायती और समय की बचत वाला विकल्प होगा। इससे न केवल आवागमन में सुगमता आएगी, बल्कि इस क्षेत्र की आर्थिक और सामाजिक प्रगति में भी एक नई रफ्तार जुड़ेगी। इस क्षेत्र के लोग इस नई सेवा के जरिए दिल्ली, कोलकाता, रायपुर, बिलासपुर और अन्य प्रमुख शहरों से सीधा जुड़ सकेंगे। हवाई सेवा की शुरुआत सरगुजा अंचल की बहुप्रतीक्षित मांग थी, जो अब पूरी हो चुकी है। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने कहा कि मां महामाया एयरपोर्ट के प्रारंभ होने से इस अंचल में विकास के नये आयाम खुलेंगे। एयरपोर्ट के माध्यम से सरगुजा क्षेत्र के नागरिकों और उद्योगपतियों के लिये एक बेहतर एयर कनेक्टिविटी स्थापित होगा। बस्तर के बाद सरगुजा प्रदेश का दूसरा बड़ा आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है, जहां यह सुविधा प्रारंभ हो रही है। उन्होंने आगे कहा कि यह उड़ान छत्तीसगढ़ को विकास की नई ऊंचाईयों की ओर ले जायेगी। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा च्मां महामाया एयरपोर्ट का उद्घाटन सरगुजा क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। यह केवल हवाई यात्रा को सुगम बनाने का प्रयास नहीं है, बल्कि हमारे आदिवासी समुदाय और दूरदराज के क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## खूबचंद पारख और मधुसूदन यादव को बड़ी जिम्मेदारी



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छस्तीसगढ़ में सामने नगरीय निकाय चुनाव को देखते हुए भाजपा के राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी डॉ. के लक्ष्मण ने राजनांदगांव के वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख को चुनाव अधिकारी और पूर्व सांसद मधुसूदन यादव को सह चुनाव प्रभारी बनाकर बड़ी जिम्मेदारी सोपी है। श्री लक्ष्मण ने उनके सत्ता और संगठन में इनके पूर्व अनुभवो को सम्मान देते हुए इतना बड़ा दायित्व सोपा है। श्री पारख और श्री यादव को आगामी चुनाव के संबंध में बड़ी कमान सोपने पर उनके समर्थकों में प्रसन्नता व्याप्त है। साथ ही उन्हें बधाई दी है।

## कस्टम मिलिंग चावल जमा में रूचि नहीं लेने पर मेसर्स एमजे फूड प्रोडक्ट ग्राम राका को एक वर्ष के लिए किया गया ब्लैक लिस्टेड

### जिले के राईस मिलों का लगातार किया जा रहा निरीक्षण

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासन के निर्देशानुसार जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में कस्टम मिलिंग अंतर्गत 31 अक्टूबर 2024 तक भारतीय खाद्य निगम एवं नागरिक आपूर्ति निगम में चावल जमा कराया जा रहा है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने जिले के सभी राईस मिलर्स को कस्टम मिलिंग अंतर्गत चावल जमा करने तथा खाद्य अधिकारियों को सभी राईस मिल का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। खाद्य अधिकारी श्री रविन्द्र सोनी ने बताया कि खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा मेसर्स एमजे फूड प्रोडक्ट ग्राम राका डोंगरगढ़ की जांच की गई। जांच में मिल परिसर में कस्टम मिलिंग के तहत उठाव किये गये



फाइल फोटो

धान के विरूद्ध 5682.78 क्विंटल धान कम पाया गया। मिलर द्वारा कस्टम मिलिंग के तहत चावल जमा करने में रूचि नहीं दिखाने तथा धान की कस्टम मिलिंग नहीं करते हुए शासकीय धान की अफरा-तफरी की गई है, जो छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश का उल्लंघन है। जिसके कारण मोहम्मद जिया उल हक द्वारा संचालित राईस मिल मेसर्स एमजे फूड प्रोडक्ट ग्राम राका डोंगरगढ़ को एक वर्ष के लिए काली सूची में दर्ज किया गया है तथा मिलर द्वारा जिला विपणन अधिकारी में जमा बैंक गांरटी से मिल में कम पाये गये 5682.78 क्विंटल धान की राशि लगभग 1 करोड़ 40 लाख रूपए तत्काल वसूली किये जाने के निर्देश दिए गए है। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले के राईस मिलों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। जिसके परिपालन में अब तक जिले के 9 राईस मिलर्स पर कार्रवाई करते हुये कुल 35877 क्विंटल धान एवं 14650 क्विंटल चावल जप्त कर प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

## डॉ. रमन बोले- जनता प्रचंड वोटों से जिताकर बनाने जा रही विधायक, कांग्रेस की हार तय

### बीजेपी ने सुनील सोनी को दिया टिकट

**रायपुर।** सुनील सोनी को रायपुर के दक्षिण से उम्मीदवार घोषित जाने पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि, उन्होंने रिकॉर्ड वोटों से सांसद का चुनाव जीता था। अब वो रिकॉर्ड वोटों से चुनाव जीतने वाले विधायक बनेंगे। रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के दक्षिण विधानसभा से बीजेपी ने सुनील सोनी को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। उनके टिकट मिलने



विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि, सुनील सोनी ने रिकॉर्ड वोटों से सांसद का चुनाव जीता था। अब वो रिकॉर्ड वोटों से चुनाव जीतने वाले विधायक बनेंगे और ऐसा शत- प्रतिशत होगा। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि, कांग्रेस कोई भी प्रत्याशी दें फर्क नहीं पड़ता है। क्योंकि, जनता सुनील सोनी को प्रचंड मतों से जिताने जा रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा था कि, आदिवासी देश के मालिक है और बीजेपी इन्हें वनवासी कहती है। उनके बयान पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि, अबूझमाड़ को अबूझमाड़ बनाया किसने ? कांग्रेस ने 50 सालों तक छत्तीसगढ़ को उपेक्षित रखा था। अबूझमाड़ को सभ्यता के दौड़ से अलग करने का काम कांग्रेस ने किया है। उन्होंने आगे कहा कि, टोडरमल के बाद सर्वे नहीं हुआ और आज वहां सर्वे हो रहा है। राहुल गांधी को राजनीति का क्रष्टष्ठ तक मालूम नहीं है, उनको जो लिखकर देतें हैं वो पढ़ देते हैं।

## महाराष्ट्र में बीजेपी ने जारी की 99 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट फडणवीस - बावनकुले को यहां से दिया टिकट



**नई दिल्ली।** बीजेपी ने जिन 99 सीटों पर प्रत्याशी उतारा है उसमें नागपुर दक्षिण पश्चिम सीट सबसे ऊपर है जहां से डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस से चुनाव लड़ रहे हैं. नागपुर दक्षिण पश्चिम सीट 2008 के पहले अस्तित्व में नहीं थी. 2009 से लेकर 2019 के चुनाव में इस सीट से देवेंद्र फडणवीस ही जीतते आ रहे हैं. जबकि बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले कामठी से चुनाव लड़ेंगे. फिलहाल बीजेपी के टेकचंद सावरकर इस सीट प्रतिनिधित्व करते हैं. वहीं बावनकुले ने भी इस सीट पर तीन बार चुनाव जीत चुके हैं. एक तरह से यह बावनकुले की सुरक्षित सीट भी मानी जा रही है. उधर, पूर्व सीएम अशोक चव्हाण की बेटी श्रीजया अशोक चव्हाण को भी टिकट दिया गया है. वह पिता की पारंपरिक भोकर सीट से चुनाव लड़ेंगी. लिस्ट जारी होने के बाद यह जानकारी सामने आई है कि अधिकतर मौजूदा विधायकों को टिकट काट दी गई है. कल्याण ईस्ट में गणपत गायकवाड़ का टिकट कटा. वे फायरिंग के आरोपी हैं. उनकी पत्नी सुलभा गायकवाड़ को उम्मीदवार बनाया गया है.

## बीजापुर के गंगालूर में एनआईए का छापा महिला समेत 2 नक्सल सहयोगी हिरासत में

**बीजापुर।** पुलिस ने नशे के खिलाफ एक महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए आधी रात के समय लग्जरी गाड़ियों में गांजे की तस्करी करते हुए एक हाईप्रोफाइल तस्कर को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने महेंद्रा थार और महेंद्रा XV 700 जैसे लग्जरी वाहनों से लगभग 2 क्विंटल गांजा जब्त किया है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने छत्तीसगढ़ में नक्सल समर्थकों के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए बीजापुर जिले के नक्सल प्रभावित गंगालूर पुलिस थाना क्षेत्र के पालनार गांव में बड़ी कार्रवाई करते हुए तलाशी अभियान चलाया। एनआईए ने इस कार्रवाई के तहत एक महिला सहित दो नक्सल सहयोगियों को हिरासत में लिया है। छापे के दौरान जांच एजेंसी ने कई मोबाइल फोन, एक सिम कार्ड और अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए हैं। यह कार्रवाई उस मामले से



संबंधित है जिसमें आरोपी दिनेश ताती को जून 2023 में बीजापुर स्थित एक ट्रैक्टर शोरुम से दस लाख रुपये के साथ गिरफ्तार किया गया था। नक्सल प्रभावित गांवों तक पहुंचाया विकास, चुनौतियों के आगे वैशाली मरड़वार ने नहीं मानी हारनक्सल प्रभावित गांवों तक पहुंचाया विकास, चुनौतियों के आगे वैशाली मरड़वार ने नहीं मानी हार जांच एजेंसी ने इस गांव से कई मोबाइल फोन, एक सिम कार्ड और कुछ आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए हैं। इन सबूतों को जांच के लिए भेजा गया है, ताकि नक्सलियों और उनके समर्थकों के बीच वित्तीय संबंधों की जांच पड़ताल की जा सके। एनआईए ने 20 अप्रैल 2024 को स्थानीय पुलिस से यह मामला अपने हाथ में लिया था और तब से ही वे नक्सल समर्थकों तथा नक्सल संगठनों को वित्तीय सहायता प्रदान करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। इस क्रम में एनआईए ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों, जैसे नारायणपुर, बीजापुर और दंतेवाड़ा में कई स्थानों पर छापेमारी की है। इन छापों का मुख्य उद्देश्य नक्सलियों को बाहरी समर्थन देने वाले ऐसे समर्थकों को पकड़ना है जो नक्सलियों को धन, सामग्री और अन्य सहायता प्रदान करते हैं। एनआईए के अधिकारियों ने बताया कि नक्सलियों को बाहर से सहायता पहुंचाने वाले समर्थकों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है, ताकि नक्सल संगठनों की गतिविधियों को नियंत्रित किया जा सके और नक्सलवाद पर अंकुश लगाया जा सके।

## धौलपुर हादसे पर पीएम मोदी ने जताया दुख, मुआवजे का किया ऐलान

**नई दिल्ली।** राजस्थान के धौलपुर हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दुख जताया। उन्होंने घायलों के जल्द ठीक होने की कामना की। इसके साथ ही पीएम मोदी ने धौलपुर में हुए हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को मुआवजा देने का भी ऐलान किया है।



इसकी जानकारी प्रधानमंत्री कार्यालय ने खुद दी। पीएमओ ऑफिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, ''पीएम ने राजस्थान के धौलपुर में हुए हादसे में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की है और घायलों को 50,000 रुपए की आर्थिक मदद देने का ऐलान किया।'' इसके अलावा पीएम मोदी ने इस हादसे पर शोक व्यक्त किया। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी। पोस्ट के अनुसार पीएम ने कहा, ''राजस्थान के धौलपुर में हुआ हादसा हृदयविदारक है। इसमें मासूम बच्चों सहित जान गंवाने वालों के शोकाकुल परिजनों के प्रति मेरी संवेदनाएं।

# हार हमें नित् नई सीख देती है - शेर बहादुर

## युगांतर में वार्षिक खेल दिवस का शानदार समापन

**राजनांदगाँव (नांदगांव टाइम्स)।** भारत में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल दिवस का समापन समारोह विद्यालय के भूतपूर्व छात्र श्री शेर बहादुर सिंह ठाकुर डीएसपी पुलिस हैड क्वाटर्स रायपुर, श्री रणदीप सिंग भाटिया सीए प्रेसीडेंट तथा जोनल चेयरमैन लायंस क्लब राजनांदगाँव सिटी (पालक जश्नवीर सिंग भाटिया) , डॉ सुदीप भट्टाचार्य , डॉ सोनिया भट्टाचार्य नेत्र विशेषज्ञ (पालक सारा भट्टाचार्य) के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुआ। स्पोर्ट्स डे कार्यक्रम की रूप रेखा और कार्य योजना विद्यालय की फिजिकल एजुकेशन की वरिष्ठ शिक्षिका वंदना सिंह के निर्देशन में संचालित हुई। इस कार्य योजना को सफल बनाने में वरिष्ठ खेल शिक्षक राजेन्द्र तिवारी, रामनाथ रजक, नवनीत द्विवेदी, टुकेश्वर चंद्राकर, पारख साहू, खेवन निषाद, संतोष यादव, रेणुका साहू, दीपक धुर्वे, राम प्रसाद का अमूल्य योगदान रहा। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा मार्च पास्ट, पी टी ड्रिल तथा खेलकूद से परिपूर्ण नृत्य व संगीत की प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया।समापन समारोह की शुरूआत गणमान्य अतिथियों द्वारा माता सरस्वती की पूजा अर्चना से हुई। प्रतियोगिता की शुरूआत राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों द्वारा मशाल को हाथ में लेकर विशालकाय ग्राउंड की परिक्रमा से हुई। गणमान्य अतिथियों द्वारा जैसे ही बैलून आकाश में उड़ाया गया, वैसे ही विशालतम ग्राउंड पालकों तथा विद्यार्थियों की तालियों की गड़गड़ाहट से गुंजायमान हो उठा। बच्चों के चेहरे उड़नेवाले बैलून को देखकर तथा फटाको की गूँज से खिल उठे। विद्यालय के पीआरओ, स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह ने सभी विद्यार्थियों को खिलाड़ी भावना से जुड़ी शपथ दिलाई। इसी तारतम्य में स्पोर्ट्स ऑफिसर के निर्देशन में वार्षिक खेल प्रतिवेदन का प्रस्तुतिकरण हैड गर्ल जिया अग्रवाल द्वारा किया गया , जिसमें जिला, जोनल,राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर विद्यार्थियों की उपलब्धियों का उल्लेख किया गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ मधु पी चौधरी ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि विगत दिवसों से विद्यालय में विद्यार्थियों ने अपनी खेल प्रतिभा को प्रकट कर उत्साह से परिपूर्ण वातावरण निर्मित कर दिया है। इसमें सभी स्पोर्ट्स टीचर्स ने अपनी अथक मेहनत की। उन्होंने



इसके लिए सभी स्पोर्ट्स टीचर्स को बधाई दी। उन्होंने कहा कि खेल में हार जीत तो होती ही है। इससे हमें प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए। विशेष अतिथि शेर बहादुर सिंह ठाकुर ने कहा कि युगांतर में शिक्षा के साथ खेल की भी विशेष सुविधाएँ हैं। विद्यार्थी इन सुविधाओं का लाभ लेकर अपने विद्यालय, नगर, राज्य का नाम गौरवान्वित कर रहे हैं । उन्होंने आगे कहा कि हमारी जीत से ज्यादा हमारी हार हमें नित् नया सिखाती है, इसलिए हमें हार से घबराना नहीं चाहिए । हार को स्वीकार करना भी साहस का काम होता है, यही हमें आगे जीतने की प्रेरणा देता है। इसी तरह विशेष अतिथि रणदीप सिंग तथा डॉ सुदीप भट्टाचार्य ने भी विचार प्रकट किए। उन्होंने युगांतर की खेल सुविधाओं की सराहना की। विद्यालय के चेयरमैन विनोद सदानी ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेल का भी महत्त्व होता है। खेल में हार-जीत का मजा सबसे अलग होता है। यह हमें जीवन मे नई सीख देता है कि हार में ज्यादा निराश नहीं होना चाहिए तथा जीत में ज्यादा उत्साहित नहीं होना चाहिए। इस अवसर पर आयोजित प्राइमरी विभाग के विद्यार्थियों की खूबसूरत रेस ने सभी का मन मोह लिया। पैरेंट्स इवेंट्स में पालकों की बड़ी संख्या में सहभागिता में आयोजन में चार चाँद लगा दिया। प्राइमरी विभाग के रनिंग इवेंट्स विभाग की सेक्शन इंचार्ज श्वेता मूंदड़ा और अंग्रेजी शिक्षक सेमुअल जार्ज के मार्गदर्शन में आयोजित हुए। कक्षा 6 वी से बारहवी तक के विद्यार्थियों की रेस ने भी सभी के मन में उमंग का वातावरण निर्मित कर दिया । इस शैक्षणिक सत्र 2024-25 में मधुरम हाउस विजेता रहा। मधुरम हाउस के विद्यार्थियों ने हाउस के प्रभारी शिक्षक क्रमशः अर्पण मसीह, मोनिका रोय, दीपांक्षा शर्मा, राजेश चौबे, तनुश्री मुखर्जी, नम्रता तिवारी तथा सहयोगी शिक्षक ललित महोबिया, शालिनी नायर, सुधीर सिंह, प्रवीण राजन, टी विशाल, लवली पाल, आकांक्षा चतुर्वेदी, अदिति शुक्ला, सेजल शर्मा, मानसी दस्तीदार, स्नेहा टल्लू, तृप्ति गौतम, मेधा एस ढोके के मार्गदर्शन में यह उपलब्धि हासिल की। मधुरम हाउस के विद्यार्थियों ने जीत से उत्साहित होकर अपने हाउस का ध्वज आकाश में लहराते हुए दर्शकों का अभिवादन किया। इसी तारतम्य में कक्षा 6 वीं से 8 वीं तक के वर्ग में बेस्ट स्पोर्ट्स गर्ल वर्णिका तिवारी तथा बेस्ट स्पोर्ट्स ब्वॉय आसिफहुसैन रहे, जबकि कक्षा नवमी से बारहवी तक के वर्ग में बेस्ट स्पोर्ट्स ब्वॉय आयुष सिदार तथा बेस्ट स्पोर्ट्स गर्ल चंचल रही। सत्यम, शिवम, सुन्दरम और मधुरम हाउस के हाउस इंचार्ज और डिप्टी हाउस इंचार्ज तथा सहयोगी शिक्षक -शिक्षिकाओं ने बच्चों को प्रोत्साहित करने में अमूल्य योगदान दिया। समापन समारोह का प्रभावकारी संचालन अंग्रेजी की विभागाध्यक्ष कंचन सोहल तथा हिन्दी विभागाध्यक्ष वी एन राय के मार्गदर्शन में हुआ। समारोह को छात्रा जिया अग्रवाल, स्याली कोठारी, सारा भट्टाचार्य, छात्र विवान गांगुली ने संचालित किया । समारोह में विद्यालय के सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (स्पोर्ट्स) अजय सिंगी, अखराज कोटड़िया, नरेंद्र कोटड़िया सहित बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित रहे। समारोह को सफलतापूर्वक संचालित करने में नृत्य, संगीत, कला, मेस, ट्रान्सपोर्ट प्रभारियों का भी योगदान रहा। धन्यवाद ज्ञापन स्पोर्ट्स सेक्रेटरी सृष्टि वर्मा ने किया।

## प्राथमिक शाला प्रबंधन समिति की सदस्य ने बच्चे के जन्मदिन पर न्यौता भोज कराया

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय प्राथमिक शाला गोड़लवाही में स्कूल प्रबंधन समिति की महिला सदस्य ने अपने बच्चे



लवकुश के जन्मदिन पर बच्चों को न्यौता भोज कराया। स्कूल की सदस्य उषा खिलावन कृपाल ने बच्चे के जन्मदिन पर पेन एवं फल का वितरण भी किया । इस अवसर पर प्रधान पाठक रमन देवांगन, अशोक पिस्दा , वीरेन्द्र भुआर्य मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक सुरेश आर्य सहित पालकगण उपस्थित थे ।

## छात्र युवा मंच का साप्ताहिक बैठक रक्त सहायता केन्द्र में हुआ सम्पन्न

**रायपुर।** छात्र युवा मंच के प्रदेश संयोजक नागेश यदु जी के मार्गदर्शन में व छात्र युवा मंच के प्रदेश सहसंयोजक लोकेश बारापात्रे जी की उपस्थिति में बैठक सम्प्पन्न हुईछात्र युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष माधव साहू ने लिया बैठक। संगठन के साप्ताहिक बैठक में आज कैरियर मार्गदर्शन ऑनलाइन परीक्षा के सम्बंध में विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए समीक्षा किया गया, ततपश्चात द्वितीय चरण ऑनलाइन परीक्षा में विद्यालय स्तर मे प्रथम विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र व मोमेन्टो तथा द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किए विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र भेंट कर उनके विद्यालय में जाकर ससम्मान देने का निर्णय संगठन द्वारा तय किया गया जिससे विद्यार्थियों में प्रतियोगी परीक्षाओं में रुचि बनी रहे इस कार्य को पूर्ण करने के लिए संगठन द्वारा विद्यालय स्तर पर प्रभारी नियुक्त किए गए जिसमे जितेंद्र कुमार साहू - किरगी,सोनेसरार, करमतरा,सिंघोला,भाठागांव,रानीतराई, हल्दी, मोहड़,धामनसरा,सुरगी लोकेश बारापात्रे- राजेश्वरी,स्टेट,वेसलियन हिंदी मीडियम , ठाकुर प्यारेलाल, शंकरपुर,सर्वेश्वरदास,तिलई,खैरझिटी, पदूमतरा, ठेलकाडीह, गायत्री,संस्कार,रेंगाकठेरा, डिलापहरी साहिल/यश सोनी/आगेश्वर वर्मा- पेंड्री, धनगांव,रीवागहन, सुकुलदैहान,रूवातला,पलान्दूर, मुसरा,आलीवारा,भानपुरी माधव राम साहू - पनेका स्कूल, डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्रजंगलपुर ,बोरी,गठुला,भेडीकला स्कूल हर्षिता साहू - लखोली स्कूल ,कन्हारपुरी स्कूल मुस्कान सिंहा-बक्शी स्कूल का प्रभार दिया गया शेष विद्यालय के लिए अगले बैठक में प्रभारी नियुक्त किए जाएँगे आज के इस महत्वपूर्ण बैठक में छात्र युवा मंच प्रदेश संयोजक श्री नागेश यदु जी,प्रदेश सहप्रमुख लोकेश बारापात्रे जी,प्रदेश अध्यक्ष श्री माधव राम साहू जी,प्रदेश सचिव श्री जितेन्द्र साहू जी,दिग्विजय कॉलेज अध्यक्ष साहिल जंघेल जी,कार्यालय प्रभारी कुलेश्वरी साहू, हर्षिता साहू,मुस्कान सिन्हा, लीना साहू, रुपुन साहू एवं अन्य ऊर्जावान पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

## झेरिया धोबी समाज का जिला स्तरीय कार्यकारणी समिति की बैठक संपन्न

### समाज में एकजुटता बनाए रखने एवं सामाजिक विषयों पर हुई चर्चा, जिले के समस्त परिक्षेत्र सहित जिला पदाधिकारी हुए सम्मिलित

### चिखली दीनदयाल नगर स्थित सामाजिक भवन में हुआ बैठक

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिला झेरिया धोबी समाज राजनांदगांव की बैठक शांतिपूर्वक चिखली वार्ड नंबर 5 दीनदयाल नगर स्थित जिला सामाजिक भवन में रविवार को संपन्न हुआ है। बैठक के पूर्व भगवान शिव की पूजा अर्चना कर फूल माला चढ़ाया गया तत्पश्चात सामाजिक पदाधिकारियों एवम् कार्यकर्ताओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया है। जिला रजक (धोबी) समाज राजनांदगांव की अध्यक्षता डॉक्टर एल आर निर्मलकर जिला अध्यक्ष राजनांदगांव के सानिध्य में सभी पदाधिकारी एवं परिक्षेत्र अध्यक्ष सचिव तथा सभी स्वजातीय बंधुओ और भाइयों की उपस्थिति में बैठक आहूत की गई।

जिला झेरिया धोबी समाज की बैठक में मुख्य रूप से समाज को एकजुट कर सामाजिक विषयों पर चर्चा की गई। वहीं आगामी दिवस पर दीपावली पर्व है जिसके तहत जिला स्तर पर दीपावली मिलन समारोह आयोजित करने पर चर्चा की गई। समाज के जिला अध्यक्ष डॉ. लेखराम निर्मलकार ने कहा कि समाज में एकजुटता बनाए रखें और समस्त परिक्षेत्र सहित जिले में किसी भी तरह की समस्या आए तो जिला अध्यक्ष सहित पदाधिकारियों को उससे अवगत कराए जिससे



उसका समाधान किया जा सकेगा। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि समस्त स्वजातिय बंधु समाज से जुड़े एवं सामाजिक गतिविधियों में भाग लेवे जिससे समाज और भी मजबूत बनेगा। उन्होंने कहा कि सामाजिक गतिविधि का मकसद किसी सामाजिक समस्या या ज़रूरत का समाधान करना और सामाजिक प्रभाव पैदा करना होता है। समाज के युवाओं के लिए कहा कि सामाजिक-भावनात्मक शिक्षा से छात्रों को अपनी भावनाओं को समझने और प्रबंधित करने, सकारात्मक संबंध बनाने, और ज़िम्मेदार फ़ैसले लेने में मदद मिलती है। समाज कार्य एक व्यवसायिक सेवा है यह समस्याग्रस्त लोगों को मदद देने का काम करता है। समाज कार्य, समाजिक विज्ञान है और यह वैज्ञानिक और क्रमबद्ध ज्ञान की प्रणालियों पर आधारित है। जिलाध्यक्ष डॉ लेखराम निर्मलकार ने बैठक को सफल बनानें के लिए समस्त परिक्षेत्र सहित जिला पदाधिकारियों को उनके सहयोग और उपस्थिति के लिए धन्यवाद दिया है। बैठक के दौरान जिला अध्यक्ष डॉ. लेखराम निर्मलकर, जिला कोषाध्यक्ष योगेश निर्मलकर, जिला उपाध्यक्ष कैलाश सोनवानी, जिला सचिव रोहित निर्मलकर, गोपीराम रजक रामनाथ निर्मलकर, युवा अध्यक्ष मुकेश निर्मलकर, जिला मीडिया प्रभारी लोकेश रजक, मधु निर्मलकर, अशोक निर्मलकर, नंदकुमार रजक, पंथराम, सुभाष निर्मलकर, देवनाथ राम, सुदर्शन निर्मलकर, गेंदाटोला अध्यक्ष दिलीप निर्मलकर, दीपचंद रजक सचिव गेंदाटोला, सुरेश निर्मलकर टेकहरदी, कृष्ण रजक लाल बहादुर शास्त्री नगर, गरीबा, कमलेश निर्मलकर डोंगरगढ़, कृष्ण रजक डोंगरगढ़, मीना रजक, भारती रजक, लक्ष्मीनाथ रजक, लाल बहादुर नगर, किशन निर्मलकर, शिव निर्मलकर, राजू निर्मलकर खैरागढ़, नील निर्मलकर परिक्षेत्र अध्यक्ष, हरीश निर्मलकर खुटेरी, किशन लाल निर्मलकर पुराना ढाबा, हीरालाल निर्मलकर पुराना ढाबा सहित सामाजिक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। उक्त जानकारी समाज के मीडिया प्रभारी लोकेश रजक ने दी है।

## ग्राम पंचायत खुज्जी में नवीन स्वीकृत आवास हितग्राहियों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम संपन्न





**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत जनपद पंचायत डोंगरगांव के ग्राम पंचायत खुज्जी में नवीन स्वीकृत आवास हितग्राहियों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन में जिला पंचायत की टीम द्वारा हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत वित्तीय, तकनीकी, आवास की पात्रता और आवास निर्माण के नियम एवं शर्तों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही अभिसरण के माध्यम से मिलने वाले सुविधाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में हितग्राहियों को आवास स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत डोंगरगांव के उपाध्यक्ष, सीईओ, एडिशनल सीईओ सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, हितग्राही व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## रायपुर दक्षिण से सुनील सोनी को प्रत्याशी बनाए जाने पर डिप्टी सीएम अरुण साव ने भरी हुंकार, कहा- एक बार फिर भाजपा रचेगी इतिहास

**रायपुर।** रायपुर दक्षिण उप चुनाव में बनाए गए भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी को उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बहुत ही वरिष्ठ और अनुभवी कार्यकर्ता बताया है. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि 2019 में ऐतिहासिक वोटों से जीत दर्ज करने के बाद एक बार फिर भाजपा इतिहास रचेगी. इसे भी पढ़ें : दुर्घटना बनी पहेलीज, नेशनल हाइवे किनारे गड्ढे में मिली जली हुई कार, बंद दरवाजे और अंदर सवार भी नहीं! उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मीडिया से चर्चा में कहा कि रायपुर दक्षिण विधानसभा में भाजपा को जनता का आशीर्वाद मिलेगा. अब जनता को एक वोट से दो विधायक चुनने का मौका मिलेगा. सीट पर लगातार आठ बार बृजमोहन अग्रवाल निर्वाचित होते रहे हैं, अब वे सांसद के रूप में उनका प्रतिनिधित्व कर ही रहे हैं. उन्होंने इसके साथ रायपुर दक्षिण में आज होने वाले कांग्रेस के कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर कहा कि सभी राजनीतिक दल को अपनी गतिविधि संचालित करने का अधिकार है, लेकिन जनता का आशीर्वाद भाजपा को मिलेगा.


### सप्ताह के सितारे (21 अक्टुबर 2024)

### दैनिक शुभ राशि

| | | |
|---|---|---|
| सोम | 1- 5- 9 - 0 | 19-91-10-01-90-09 |
| मंगल | 2- 4 - 7 - 9 | 27-72-29-92-79-97 |
| बुध | 1 - 6 - 7 - 8 | 16-61-17-71-67-76 |
| गुरू | 3- 6 - 9 - 0 | 69-96-60-06-26-62 |
| शुक्र | 1 - 2 - 7 - 0 | 12-21-20-02-70-07 |
| शनि | 2 - 3 - 5- 8 | 23-32-36-63-39-93 |

अंकों का बादशाह -2 सप्ताह में अचूक 3 - 4 - 5 - 8
सप्ताह का वरदान -6 स्पेशल - 51- 40 -37 -89

सप्ताह में देखे

(1) 13 - 14 - 15 - 18 (6) 63 - 64 - 65- 68
(2) 23 - 24 - 25 - 28 (7) 73 - 74 - 75 - 78
(3) 33 - 34 - 35 - 38 (8) 83 - 84 - 85 - 88
(4) 43 - 44 - 45 - 48 (9) 93 - 94 - 95 - 98
(5) 53 - 54 - 55 - 58 (10) 03 - 04 - 05 - 08

बीते पांच सप्ताह के रिकार्ड

| (कल्याण) | (नाइट बाजार) |
|---|---|
| 08-85-87-40-13-14 | 80-41-46-67-08 |
| 54-82-34-70-57-03 | 79-57-90-00-49 |
| 85-64-47-87-85-97 | 42-13-56-08-47 |
| 58-06-51-13-74-39 | 39-70-84-10-67 |
| 91-35-82-53-56-07 | 11-04-45-01-33 |

चेतावनी- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक का कोई जवाबदारी नहीं होगी।

संपादक


## विजया दशमी के अवसर पर डोंगरगढ़ में निकला भव्य पथ संचलन

### नगर में विभिन्न स्थानों पर अनेकों संगठनों ने किया पुष्प वर्षा से स्वागत



**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ डोंगरगढ़ खंड द्वारा विजया दशमी उत्सव के अवसर पर पथ संचलन निकाला गया जिसमें पूरे खंड एवं नगर से 160 स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में सम्मिलिति हुए जिसमें मुख्य वक्त के रूप में श्री नेमराज जी वर्मा ( सह संपर्क प्रमुख छत्तीसगढ़ प्रांत) का उद्बोधन प्राप्त हुआ साथ ही नगर में विभिन्न स्थानों पर राष्ट्रीय सेविका समिति,अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ,राजपूत समाज,दुर्गा पूजा उत्सव समिति ( बंगाली समाज) ,हनुमान भक्त युवा समिति, गोल बाजार व्यापारी संघ,भारतीय जनता पार्टी,कर्तव्य फाउंडेशन,पाटिल परिवार थाना चौक, महाकाल भक्त समिति, दम्मानी परिवार, सब्जी मंडी व्यापारी संघ एवं अन्य हिन्दू संगठनों द्वारा अलग अलग स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।



## महाराष्ट्र मे बनेगी भाजपा की सरकार - रामजी भारती



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नवम्बर मे होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए महाराष्ट्र मे छत्तीसगढ़ के भाजपा नेताओं ने घर घर जा कर पुन: भाजपा की सरकार बनाने दौरा चालू कर दिया है! महाराष्ट्र के मराठ वाडा के सम्भा जी नगर मे प्रदेश भाजपा के महामंत्री श्री रामजी भारती डेरा जमाये है और आज उनके द्वारा ठाकरे नगर, विद्या नगर और यन वन वार्ड मे बूथ प्रभारी की बैठक कर मार्गदर्शन दिए, छत्तीसगढ़ के चुनाव का अनुभव साझा करते हुए सभी को कहा की लाड़की बहिन योजना का प्रचार प्रसार घर घर तक पहुंचे और मतदाता पर्ची का वितरण दो बार घर घर पहुचे साथ साथ युवा और महिला मतदाता को अपने पक्ष मे ज्यादा मतदान करें ऐसी अपील किया, मोदी जी की योजना से लाभार्थी तक घर घर पहुंच प्रधानमंत्री आवास, उज्जवला गैस मुफ्त मे आनाज कोरोना कॉल मे लगे वेक्सीन की चर्चा मतदाताओं के मध्य करते हुए बूथ प्रभारी शक्ति केंद्र प्रभारी की लगातार बैठक कर रहे इस अवसर पर भारती जी के साथ मध्यप्रदेश के प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष श्री श्याम जी महाजन विधानसभा विस्तारक महेश मालतकर,जनपद सदस्य रवि अग्रवाल संजय बोराड़े,चंद्रकांत चुराड़े, विधानसभा महिला मोर्चा प्रभारी वर्षा ताई सालूखे, श्री निवास कुलकर्णी, ओमप्रकाश अग्रवाल सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे! इस अवसर पर महामंत्री जी का साल श्री फल से स्वागत किया गया!

nandgaon times oct-21-2.qxd 10/20/2024 10:41 PM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) भारत एवं यूनाइटेड अरब अमीरात का संयुक्त सैन्य अभ्यास जनवरी 2024 में किस नाम से आयोजित हुआ?*

*2) भारत में सबसे लम्बे किस समुद्री पुल का प्रारम्भ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 12 जनवरी, 2024 को किया?*

*3) वर्ष 1929 में जारी किए गए दीपावली घोषणा-पत्र का संबंध किससे था?*

*4) सबसे बड़ा न्यायिक क्षेत्र किस उच्च न्यायाल का है?*

*5) कौन भारत की प्रथम महिला अस्पताल सेवा महानिदेशक बनी है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

*(1) डेजर्ट साइक्लोन (2) अटल सेतु (मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक सेतु) (3) डोमिनियन स्टेट्स से (4) गुवाहाटी उच्च न्यायालय (5) साधना सक्सेना नायर*

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर होकर एक भारत श्रेष्ठ भारत की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा - अरुण साव

## उप मुख्यमंत्री अरुण साव स्वदेशी मेले के तीसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में हुए शामिल , छत्तीसगढ़ी संस्कृति की शानदार प्रस्तुति से सजी स्वदेशी मेला, स्कूली छात्राओं ने मोहा मन

**कवर्धा ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव आज कवर्धा के पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित स्वदेशी मेले के तीसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने भारत माता के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित की और दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने मेले में लगाए गए विभिन्न स्टॉल का अवलोकन करते हुए स्वदेशी उत्पादों की सराहना की और स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों के प्रयासों की प्रशंसा की। स्वदेशी मेला में स्कूली छात्राओं ने छत्तीसगढ़ी परंपरा और संस्कृति की शानदार प्रस्तुति दी। जिसमें राज्य की समृद्ध लोकसंस्कृति और रीति-रिवाजों को जीवंत कर दिया। उनकी प्रस्तुतियों में पारंपरिक छत्तीसगढ़ी लोकगीत, सुआ नृत्य, और विभिन्न नृत्य शामिल थे, जो छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक हैं। छात्राओं ने छत्तीसगढ़ के पारंपरिक परिधान पहनकर अपने नृत्य और गीतों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान डॉ अतुल जैन, बेमेतरा विधायक श्री दीपेश साहू, पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू, श्री मोतिराम चंद्रवंशी, श्रीमती कमल सोनी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री विदेशी राम धुर्वे, श्री संतोष पटेल, श्री नंदलाल चंद्राकर, पूर्व जिला पंचायत सभापति श्री मुकेश अग्रवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्री अनिल ठाकुर, श्री अतुल देशलहरा, श्री जसविंदर बग्गा, श्री कैलाश चंद्रवंशी, श्री चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, सुनील दोशी, सनत साहू, मनीराम साहू जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने कहा कि स्वदेशी मेले का उद्देश्य न केवल भारतीय उत्पादों को बढ़ावा देना है, बल्कि देश के स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता को भी सशक्त करना है। स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि यह मेला भारतीय संस्कृति, परंपरा और कौशल का प्रतीक है, जो हमारे गौरवशाली इतिहास और विरासत को पुनर्जीवित करता है। उन्होंने कहा



कि स्वदेशी उत्पादों को अपनाकर हम देश को आर्थिक रूप से मजबूत बना सकते हैं और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार कर सकते हैं। स्वदेशी मेले का आज तीसरा दिन है, और इसमें उमड़ा जन सैलाब इस बात का प्रमाण है कि मेला सफल रहा है। उन्होंने बताया कि वे लंबे समय से स्वदेशी मेले से जुड़े हुए हैं। स्वदेशी मेले की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि मेले में 150 स्टॉल हैं, जहां देश के विभिन्न राज्यों और स्थानीय व्यापारियों ने अपने उत्पाद प्रदर्शित किए हैं। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल से भारत दुनिया को ज्ञान, विज्ञान और शिक्षा प्रदान करता रहा है। नालंदा और तक्षशिला जैसे विश्वविद्यालय पूरी दुनिया में विख्यात थे। भारत ने वेद, पुराण जैसे महत्वपूर्ण ग्रंथ दिए, और इसी कारण इसे सोने की चिड़िया और विश्व गुरु कहा जाता था। उपमुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि आज देश आत्मनिर्भर भारत और एक भारत श्रेष्ठ भारत की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है, और 21वीं सदी भारत की सदी बनने जा रही है।उन्होंने कहा कि मुगलों और अंग्रेजों के शासनकाल में देश के स्वाभिमान को क्षति पहुंची। महात्मा गांधी ने इस बात को समझा और विदेशी वस्त्रों की होली जलाकर स्वदेशी आंदोलन का आरंभ किया ताकि देश का स्वाभिमान पुनः जाग्रत हो सके। उन्होंने बताया कि लार्ड मैकॉले की शिक्षा पद्धति ने हमारे स्वाभिमान को ठेस पहुंचाई थी, लेकिन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नई शिक्षा नीति द्वारा इस कमी को दूर करने का प्रयास किया गया। अयोध्या में 500 सालों तक संघर्ष करने का बाद भगवान श्री राम लला मंदिर का निर्माण किया गया। श्रीराम मंदिर का निर्माण और काशी विश्वनाथ का पुनरुद्धार भी हमारी खोई हुई विरासत को वापस पाने के प्रतीक हैं। आज भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, और यह मोदी जी के नेतृत्व में संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी का संबंध केवल वस्त्रों या सामग्रियों से नहीं, बल्कि यह हमारे आत्मनिर्भरता और स्वाभिमान से जुड़ा है। उन्होंने बताया कि कोरोना महामारी के दौरान भारत ने न केवल अपने नागरिकों के लिए वैक्सीन बनाई, बल्कि 110 से अधिक देशों को भी टीके प्रदान किए। विधायक बेमेतरा श्री दीपेश साहू ने कहा कि स्वदेशी मेला का आयोजन से लोगों को अपने देश से जोड़ रहा है। हमारे देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी स्वदेशी को लेके आगे बढ़ रहे है। आज मेला में अलगङ्कअलग दुकान डर सम्मिलित हुए है। मोदी जी स्थानीय उत्पाद मेक इन इंडिया को बढ़ावा दे रहे है। मोदी जी सपना को सोच के आगे बढ़ रहे है उसे पूरा करना है। मोदी जी 2042 तक विकसित भारत का सपना देश रहे है। इसके लिए स्थानीय उत्पाद पर जोर दे रहे है। जिससे लोगों को रोजगार मिलेगा और हमारा देश आत्मनिर्भर की दिशा में आगे बढ़ सकेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ अतुल जैन ने कहा कि स्वदेशी मेला कवर्धा के अंचल में पहली बार हो रहा है और अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे रोजमर्रा के जीवन में उपयोग होने वाली छोटी छोटी चीजें का उपयोग करते है वह स्वदेशी हो इसका प्रयास करना चाहिए।

## सावधान! ठग ने यूपीआई और टेलीग्राम से दो लोगों को बनाया शिकार, लगा दी 32 लाख की चपत

**रायपुर।** नवा रायपुर में दो अलग-अलग मामलों में साइबर ठगी की घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें कुल 32,99,057 रुपये की ठगी की गई। पहले मामले में, ग्राम निमोरा के निवासी पारस



धीवर को टेलीग्राम पर ऑनलाइन काम का झांसा देकर 24.12 रुपये लाख की धोखाधड़ी की गई। दूसरे मामले में, उपअभियंता चमनलाल साहू का सिम बदलकर 7.83 लाख रुपये की ठगी हुई। रायपुर। छत ?तीसगढ़ पुलिस की ओर से लगातार जागरुकता अभियान चलाए जाने के बाद भी लोग साइबर ठगी का शिकार हो रहे हैं। ताजा मामला नवा रायपुर के राखी थाना से सामने आया है, जहां जालसाजों ने ऑनलाइन धोखाधड़ी की दो घटनाओं को अंजाम दिया। ठगों ने दो लोगों से कुल मिलाकर 32,99,057 रुपये की ठगी की है। दोनों मामलों में नवा रायपुर के राखी थाना में अपराध दर्ज किया गया है। पहला पीड़ित पारस धीवर ग्राम निमोरा का निवासी है। पीड़ित को 20 जुलाई 2024 को एक अनजान टेलीग्राम उपयोगकर्ता द्वारा धोखे से लुभाया गया। ठग ने धीवर और उसके दोस्त को ऑनलाइन काम करने का झांसा दिया, जिसके परिणामस्वरूप उनके बैंक खातों से 24,12,871 रुपये का गबन किया गया। यह धोखाधड़ी 23 जुलाई से 13 अगस्त 2024 के बीच विभिन्न बैंक खातों में हुई। चमनलाल नवा रायपुर के सेक्टर-29 में रहजे हैं। पीड़ित ने बताया कि उनका मोबाइल सिम 24 सितंबर को अचानक बंद हो गया। जब उन्होंने ग्राहक सेवा से संपर्क किया, तो उन्हें बताया गया कि उन्हें ई-सिम प्राप्त करनी होगी। मंदिर हसौद में जियो स्टोर जाकर उन्होंने अपने आधार कार्ड को दिया, लेकिन उन्हें जानकारी मिली कि उनका आधार बायोमैट्रिक लॉक हो गया है। बायोमैट्रिक अनलॉक करने के लिए, साहू तहसील कार्यालय के आधार सेवा केंद्र गए, जहां उन्हें बताया गया कि यह प्रक्रिया 11 दिन का समय लेगी। 9 अक्टूबर को उन्होंने रायपुर पंडरी श्याम प्लाजा आधार सेवा केंद्र में जाकर बायोमैट्रिक अनलॉक करवाया और 10 अक्टूबर को फिर से जियो स्टोर जाकर बैंकिंग और फोन पे सेवा को चालू किया। तब उन्हें पता चला कि उनके आधार पर एक दूसरा नंबर अपडेट हो गया है। 14 अक्टूबर को जब उन्होंने बैंकिंग सेवा से नंबर को आधार से अपडेट कराया, तो उन्हें फोन पे चालू करने में समस्या आई और गलत यूपीआई का संदेश प्राप्त हुआ।

## चचेरी बहन से दुष्कर्म कर दी जान से मारने की धमकी, आरोपी को हुई 10 साल की कैद..

**रायपुर।** रायपुर में चचेरी बहन से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 10 साल की कैद और 6000 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई गई है।अर्थदंड की राशि नहीं देने पर 1 माह अतिरिक्त कारावास से दंडित किया गया है। छत्तीसगढ़ के रायपुर में चचेरी बहन से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 10 साल की कैद और 6000 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। अर्थदंड की राशि नहीं देने पर 1 माह अतिरिक्त कारावास से दंडित किया गया है। विशेष लोक अभियोजक विमला तांडी ने बताया कि



अभनपुर के पास गांव में रहने वाले किशोरी अपने मामा के घर पर पढ़ने के लिए रहती थी। ष्ट्र ऋड्डश्चद्द ष्ट्डह्यद्द: उनके घर पर अक्सर बड़ी मां का लडका टीवी देखने के लिए आता था। 29 जून 2021 की रात को 10 बजे उसने किशोरी का मुंह दबाकर दुष्कर्म किया और जान से मारने की धमकी दी। पारिवारिक रिश्तों के डर से उसने किसी को घटना जानकारी नहीं दी। दोबारा फिर दुष्कर्म करने का प्रयास करने पर किशोरी के शोरगुल मचाया।

## राज्य योजनाओं के प्रचार में जनसंपर्क अधिकारियों की अहम भूमिका : पी. दयानंद

**रायपुर।** जनसंपर्क विभाग के सचिव श्री पी. दयानंद ने कहा है कि राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में जनसंपर्क अधिकारियों की अहम भूमिका है. उन्होंने जनसंपर्क अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि राज्य सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी समाज के हर कोने तक पहुंचे.उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार जनता के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चला रही है। पिछले 10 महीनों में राज्य सरकार ने किसानों, युवाओं, महिलाओं और गरीबों के लिए कई प्रमुख योजनाएं शुरू की हैं, जो लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। उन्होंने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल तथा सोशल मीडिया के माध्यम से अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये। वे आज नया रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ संवाद भवन में विभागीय कार्य समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। सचिव श्री पी. दयानंद ने कहा कि योजनाओं की पहुंच लोगों तक बढ़ाने के लिए सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों का यथासंभव उपयोग किया जाना चाहिए।

# डॉ. नीरज गुप्ता का नाम लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज

**अरविन्द तिवारी**

**रायपुर ( नांदगांव टाइम्स )।** पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्यों द्वारा अर्जित उपलब्धि हासिल करने वाले चम्पारण के डॉ0 नीरज गुप्ता का नाम लन्दन बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज किया गया है। निरोजा ग्रीन इंडिया परिवार फाउंडेशन के संस्थापक और अध्यक्ष डॉ0 नीरज गुप्ता द्वारा समाज सेवा और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में विगत कई सालों से भारत के अनेक राज्यों समाज की सेवा एवं पर्यावरण सुरक्षा का बीड़ा उठाये हुये भारत के कई राज्यों में अपना सेवा प्रदान कर रहे हैं। बताते चलें निरोजा ग्रीन इंडिया परिवार फाउंडेशन के बैनर तले विगत पांच वर्षों से पर्यावरण की सुरक्षा एवं स्वच्छता के लिये निरोजा परिवार लगातार स्कूल , कॉलेज और रोड पर अवेयरनेस कार्यक्रम करते आ रहे हैं। ये अभी तक जिले के पांच सौ से ऊपर स्कूलों में पर्यावरण सुरक्षा और स्वच्छता के लिये अवेयरनेस प्रोग्राम चला चुके हैं। एक मिडिल क्लास फैमिली से



निकलकर डॉ0 नीरज गुप्ता ने ना केवल अपनी परिवारिक जिम्मेदारियों को निभाया बल्कि समाज और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। वर्ष 2016 से वे स्वच्छ भारत मिशन ब्रांड एंबेसडर के रूप में नगर परिषद से नगर निगम बेतिया में अपना योगदान दे रहे है। इनके द्वारा पर्यावरण और संस्था के जागरूकता के साथ-साथ दूसरे पर्यावरण प्रेमी और समाज सेवियो को भी समय समय पर को सम्मानित किया जाता है। डॉ0 नीरज गुप्ता ने सम्मान ग्रहण करते हुये बताया कि यह सम्मान चंपारण वासियों का आशीर्वाद , अभूतपूर्व सहयोग और योगदान के बलबूते हासिल हुआ है। उन्होंने इस सम्मान के लिये लंदन बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड की पूरी टीम का हृदय से आभार व्यक्त कर धन्यवाद जताया। इनके सम्मान की खबर पर अनेक प्रतिष्ठित व्यक्तियों और सामाजिक संस्थाओं के साथ ही डॉ0 एजाज अहमद ( सत्याग्रह रिसर्च फाऊंडेशन) , डॉ0 बी. एल. यादव (दिल्ली ) , पद्म श्री डॉ0 विजय शाह सांगली महाराष्ट्र , परविंदर सिंह न्यूज़ पेज 3 फाउंडर थाईलैंड , डॉ रामकृष्ण साह शिकागो अमेरिका , डॉ, अमानुउल हक अध्यक्ष मदर ताहिर , संत डॉक्टर सौरभ पांडे फाउंडर धरा धाम इंटरनेशनल , मिस्टर अमरेश पांडे शिक्षक , अमित लोहिया , शिवकुमार सिंह शिक्षक के साथ चम्पारण वासियो ने डॉ0 नीरज गुप्ता को शुभकामनायें प्रेषित की है।

## धर्म समाचार....


# घर की इस दिशा में लगाएं भगवान शिव का पसंदीदा पौधा, मां लक्ष्मी पैसों से भर देंगी घर




बेलपत्र का पेड़ भगवान शिव को प्रिय है। इसे घर में लगाने से सकारात्मकता, समृद्धि और मानसिक शांति मिलती है। धार्मिक महत्व और औषधीय गुणों के कारण बेलपत्र के पेड़ घर में लगाना शुभ माना जाता है। आज आपको बताते हैं बेलपत्र को किस दिशा में लगाएं और पूजा में इसका उपयोग। भगवान शिव को चढ़ाए जाने वाले बेलपत्र का पेड़ उन चुनिंदा पेड़-पौधों में है, जिन्हें हिंदू धर्म में सबसे ज्यादा महत्व दिया गया है। वैसे तो गर्मियों में बेल फल का शरबत ठंडक पहुंचाता है और काफी फायदेमंद भी होता है। बेल का पेड़, जड़, फल और पत्तियों में कई औषधीय गुण होते हैं। बेलपत्र का पेड़ न केवल औषधीय और धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह घर में सकारात्मकता और समृद्धि भी लाता है। बेल को महादेव का प्रिय माना जाता है, पुराणों के अनुसार, शिवलिंग पर बेलपत्र अर्पित करने से भगवान शिव प्रशन्न होते हैं। भगवान शिव की पूजा बेलपत्र के बिना अधूरी मानी जाती है। यह माना जाता है कि जिस घर में बेलपत्र का वृक्ष होता है, वहां महादेव की विशेष कृपा बनी रहती है। इसके साथ ही, माता लक्ष्मी का वास भी होता है, जिससे धन-धान्य की कमी नहीं होती। घर के गार्डन में लगाएं कुबेर जी का पसंदीदा पौधा, पैसों से भर जाएगी तिजोरीघर के गार्डन में लगाएं कुबेर जी का पसंदीदा पौधा, पैसों से भर जाएगी तिजोरी वास्तु शास्त्र के अनुसार, बेलपत्र का पौधा हमेशा उत्तर या पश्चिम दिशा में लगाना चाहिए। इस दिशा में लगाने से कई समस्याओं का समाधान होता है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इससे घर में रहने वाले सदस्य तेज और ऊर्जावान बनते हैं। माना जाता है कि, बेलपत्र का पेड़ लगाने से बुरी शक्तियों का घर में प्रवेश नहीं होता। यह तंत्र संबंधी बाधाओं को दूर करने में मदद करता है और परिवार के सदस्यों की सुरक्षा करता है। घर में बेलपत्र होने से चंद्र दोष से भी मुक्ति मिलती है, जिससे मानसिक शांति बनी रहती है। बेलपत्र की तीन पत्तियों के डंठल को तोड़कर महादेव को अर्पित करने का विधान है। इसको लेकर दिलचस्प तथ्य यह है कि पत्ता कभी बासी नहीं होता। यदि पूजा के लिए बेलपत्र की आवश्यकता हो, तो आप दूसरे के चढ़ाए हुए बेलपत्र को धोकर पुन: उपयोग कर सकते हैं, जिससे पूजा में कोई कमी नहीं आती। महिलाओं का करवा चौथ पर इस रंग के कपड़े पहनना शुभ, पति जमकर लुटाएंगे प्यार्यड्डह्ल2ड्ड ष्टद्धड्डह्वह्लद्ध 2024: महिलाओं का करवा चौथ पर इस रंग के कपड़े पहनना शुभ, पति जमकर लुटाएंगे प्यार हिंदू धर्म शास्त्रों के अनुसार, चतुर्थी, अष्टमी, नवमी, चतुर्दशी और अमावस्या तिथि पर बेलपत्र नहीं तोड़ना चाहिए, साथ ही सोमवार को भी तोड़ने से बचें। बेलपत्र को टहनी सहित कभी नहीं तोड़ना चाहिए।

### वास्तु में ये मानी गई है कुबेर देव की दिशा, भूलकर भी न रखें ऐसा सामान

हिंदू धर्म में कुबेर देव को धन के देवता की उपाधि दी गई है। इसी के साथ उन्हें देवों का कोषाध्यक्ष



और यक्ष का राजा भी कहा जाता है। ऐसे में यदि रोजाना कुबेर देव की आराधना की जाए तो इससे व्यक्ति धन संबंधी समस्याओं से मुक्ति पा सकता है। तो चलिए जानते हैं कि घर की किस दिशा में कुबेर देव का निवास होता है।

वास्तु शास्त्र में घर की एक हर एक दिशा का अपना एक अलग महत्व माना गया है, जिससे संबंधित कुछ नियम भी बताए गए हैं। ऐसे में यदि आप इन नियमों का ध्यान रखते हैं, तो इससे आप वास्तु दोष से बचे रह सकते हैं। ऐसे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि वास्तु शास्त्र में कुबेर की दिशा कौन-सी मानी गई है और इस दिशा में किन चीजों को रखने की गलती नहीं करनी चाहिए। वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर की उत्तर दिशा को कुबेर देवता का निवास स्थान माना गया है। साथ ही यह दिशा पॉजिटिव एनर्जी का भंडार भी मानी जाती है। इस दिशा को पूजा-पाठ के लिए सबसे उत्तम माना गया है। ऐसे में आपको अपना मंदिर इसी दिशा में बनवाना चाहिए। इससे घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बना रहता है। घर की उत्तर दिशा में कभी भी जूते-चप्पल या डस्टबिन आदि नहीं रखने चाहिए। क्योंकि ऐसा करना कुबेर देवता का अपमान समझा जाता है। ऐसा करने से आपको धन की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। इसी के साथ है घर की उत्तर दिशा में पुरानी या टूटी-फूटी चीजों को भी नहीं रखना चाहिए। वरना आपको कुबेर देव की नाराजगी झेलनी पड़ सकती है।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# जिले के सभी ग्रामों में मनाया स्वच्छता त्यौहार

## जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, समूह की महिलाएं तथा ग्रामीणों ने की गांव की साफ-सफाई











**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले में स्वच्छता के प्रति नागरिकों को जागरूक करने के लिए जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक शनिवार को स्वच्छता त्यौहार का आयोजन किया जा रहा है। स्वच्छता को अपनी आदत में शामिल करने के लिए तथा स्वच्छता के प्रति निरंतरता बनाए रखने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों के लिए साफ-सफाई की जा रही है। इसी कड़ी में ग्रामीण क्षेत्रों में कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन में ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति व्यवहार परिवर्तन, घर -घर कचरा एकत्रित करने, एसएलडब्ल्यूएम में कचरा का पृथककरण करने का संदेश दिया गया। जनपद पंचायत छुरिया के ग्राम पंचायत खुज्जी में आयोजित स्वच्छता त्यौहार में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, समूह के महिलाएं, स्कूली बच्चों तथा ग्रामीणों ने बढ़-चढ़ के हिस्सा लिया और ग्राम के बाजार चौक सहित अन्य प्रमुख चौक-चौराहों, मुख्य मार्गों की साफ-सफाई की। ग्राम पंचायत द्वारा दुकानदारों से कचरा के व्यवस्थित निपटान हेतु अनुबंध पत्र दिया गया तथा कचरा स्वच्छता दीदी को देने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान उपाध्यक्ष जनपद पंचायत श्री सुयश नाहटा, सीईओ जनपद पंचायत छुरिया श्री नवीन कुमार, एसीईओ श्री होरीलाल साहू, सहायक विकास विस्तार अधिकारी श्री देवेंद्र कुमार, ब्लॉक समन्वयक सुश्री मेघा कुर्रे, ब्लॉक समन्वयक श्री विजय देवांगन सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी समूह के महिलाएं एवं ग्रामीणजनों ने साफ-सफाई की। इसी तरह जनपद पंचायत छुरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत भंडारपुर, कुमरदा, बडग़ांव, उमरवाही, मासूलकसा, घोरतालाब, बादराटोला एवं अन्य ग्रामों में स्वच्छता त्यौहार मनाया गया। जिसमे स्वच्छाग्राही द्वारा ग्राम की साफ-सफाई की गई। दुकान, ढाबा, हॉटल, ठेला संचालकों से संपर्क कर अपने दुकान के आसपास की नियमित साफ-सफाई रखने एवं स्वच्छता शुल्क देने का आग्रह किया गया। सीईओ जनपद पंचायत छुरिया ने ग्राम पंचायत रंगीटोला में आयोजित स्वच्छता त्यौहार में शामिल होकर स्वच्छाग्राही दीदीयों व ग्रामीणों के साथ मिलकर ग्राम की साफ-सफाई की और ग्रामीणों को स्वच्छता शपथ दिलाई। इसके साथ ही ग्राम पंचायत से लगे राष्ट्रीय राजमार्ग के ढाबा, हॉटल, ठेला संचालकों से संपर्क कर दुकान के आसपास नियमित साफ-सफाई रखने एवं कचरा के लिए डस्टबिन का उपयोग करने तथा ग्राम पंचायत को स्वच्छता शुल्क देने के लिए कहा गया। स्वच्छता अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत राजनांदगांव के ग्राम पंचायत देवादा में स्वच्छता त्यौहार का आयोजन कर गांव की साफ-सफाई की गई। बिहान की महिला समूहों को प्लास्टिक कचरा नहीं जलाने, प्लास्टिक झिल्ली, पाउच से खाली प्लास्टिक बॉटल में पॉलीथिन भरकर ईको ब्रिक्स बनाने कहा गया। स्वच्छताग्राहियों को घर-घर जाकर कचरा संग्रहण करने कहा गया तथा गांव को स्वच्छ रखने के लिए समूह की महिलाओं एवं ग्रामीणों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गयी। अनुबंध करने वाले ढाबा संचालकों और दुकानदारों का तिलक लगाकर एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। स्वच्छताग्राही को कचरा नहीं देने वाले ढाबा संचालक एवं दुकानदारों को अनुबंध करने एवं कचरा बाहर नहीं फेकने तथा स्वच्छताग्राही को ही कचरा देने निर्देश दिया गया। स्वच्छता त्यौहार में सीईओ जनपद राजनांदगांव श्री मनीष साहू, उप अभियंता श्रीमती मंजूषा सोनी, विकासखंड समन्वयक श्री नंदकिशोर साहू सहित जनप्रतिनिधि, सचिव, रोजगार सहायक, स्वच्छताग्राही, समूह की महिलाएं एवं ग्रामीण शामिल हुए।

**दुकान, ढाबा, हॉटल, ठेला संचालकों से दुकान के आसपास साफ सफाई रखने एवं स्वच्छता शुल्क देने का आग्रह किया गया**

**स्वच्छताग्राहियों को घर-घर जाकर कचरा संग्रहण करने कहा गया**



# दक्ष वैद्य ने स्वास्थ्य मंत्री से भेंट कर हेल्थ स्ट्रक्चर की रखी मांग

## विद्यार्थियों के लिए सरकारी एवं निजी अस्पतालों में इलाज की विशेष सुविधा उपलब्ध कराने की भी रखी मांग

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भाजपा युवा नेता एवं हिन्द सेना समाजसेवी संगठन छात्र ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष दक्ष वैद्य ने छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से भेंटकर प्रदेश के स्वास्थ्य सेवाओं संबंधी मांग रखी। श्री जायसवाल युवा नेता दक्ष वैद्य से गर्मजोशी से मिले और उनकी बातों को ध्यान पूर्वक सुना। भाजपा युवा नेता दक्ष वैद्य वर्तमान में कानून की पढ़ाई कर रहे हैं,उन्हें जनसेवा के कार्य एवं दीन दुखियों की सेवा करते आ रहे हैं। हिन्द सेना के छात्र ब्रिग्रेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाते वे छात्र हित में भी हमेशा संघर्षरत रहते हैं। भाजपा के विभिन्न स्तरों के नेताओं और मंत्रियों से मिलकर दक्ष वैद्य उनके सहयोग से जनहित और छात्रहित के कार्यों को अंजाम देते आ रहे हैं। इसी कड़ी में वे राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्याम जायसवाल से भेंट कर प्रदेश के दूरस्थ ग्रामीण अंचलों के विभागीय समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। इस दौरान दक्ष वैद्य ने श्री जायसवाल से कहा कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव जी साय के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनने तथा आपके स्वास्थ्य मंत्री बनने के बाद राज्य की स्वास्थ्य सेवा के ढांचे में बदलाव आया है। स्वास्थ्य सेवा अब अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंच चुकी है। मातृ एवं शिशु सुरक्षा, सुरक्षित प्रसव पर व्यापक ध्यान दिया जाने लगा है। जन जागरण अभियानों की बदौलत अब सुदूर गांवों के ग्रामीण भी अपने परिवारों की गर्भवती महिलाओं को प्रसव के लिए अस्पताल ले जाने लगे हैं। इससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर लगभग शून्य प्रतिशत तक नीचे आ गया है। राज्य के पत्थलगांव, जशपुर जैसे इलाकों में अब सर्पदंश से मौतों के मामले भी कम हुए हैं। दक्ष वैद्य ने नक्सल प्रभावित बस्तर संभाग के जगदलपुर स्थित स्व. बलिराम कश्यप स्मृति मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल डिमरापाल को मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में तब्दील करने के मंत्री श्री जायसवाल के फैसले को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि आपने ऐसा करके हमारे बस्तर के दिवंगत नेता बलिराम कश्यप जी को सच्ची श्रद्धांजलि दी है। वहीं बीजापुर जिला चिकित्सालय को और भी सुविधाओं से लैस करने का आपका फैसला बीजापुर जिले के आदिवासियों के प्रति आपकी हमदर्दी को प्रदर्शित करता है। भाजपा युवा नेता दक्ष वैद्य ने मंत्री श्री जायसवाल से इंजीनियरिंग,मेडिकल एवं लॉ के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न सरकारी एवं निजी अस्पतालों में इलाज की विशेष सुविधा उपलब्ध कराने की भी मांग रखी, जिस पर श्री जायसवाल ने जरूर विचार करने का भरोसा दिलाया।



# पति की दीर्घायु के लिए आज निर्जला व्रत करवा चौथ उत्साह पूर्वक मनाया गया




**राजनांदगबांव।** पति की दीर्घायु के लिए आज निर्जला व्रत करवा चौथ उत्साह पूर्वक मनाया गया । पूजा के उपरांत पति के हाथों जल ग्रहण कर व्रत का पारण किया गया ।

# अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नेशनल कोऑर्डिनेटर नित्युक्त होने पर पहुंची झारखंड के बरही विधानसभा - हेमा देशमुख

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा झारखंड के बरही विधानसभा के नेशनल कोऑर्डिनेटर नियुक्ति किए जाने पर महापौर हेमा सुदेश देशमुख बरही विधानसभा पहुंची लोगों ने उत्साह पूर्वक स्वागत किया, झारखंड के सीनियर कोऑर्डिनेटर श्री मोहन मरकाम जी से मुलाकात हुई, साथ ही माननीय सांसद श्री तारिक अनवर जी एवं अन्य प्रमुखों से मुलाकात कर विधानसभा चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा किया उसके पश्चात बरही क्षेत्र के प्रखंड अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक कर विधानसभा चुनाव को लेकर महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा किया और चुनाव के लिए आगे काम करने के लिए कांग्रेस अधिक मतों से जीतने के लिए प्रोत्साहित किया और इसके साथ ही बरही एवं चौपारण क्षेत्र में जाके बैठक लेकर वोटर मतदाताओं को प्रेरित किया एवं कार्यकर्ताओं को जनता के बीच जाकर काम करने के लिए प्रेरित किया और बूथ स्तर पर बूथ गठनो की जानकारी लिया, इस जिम्मेदारी के लिए माननीय लोकसभा नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी जी, एआईसीसी के माननीय अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे जी का आभार एवं छ. ग कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री दीपक बैज जी, पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी को धन्यवाद प्रेषित किया। साथ में पूर्व राज्यसभा सांसद एवं लोकसभा ऑब्जर्वर श्रीमती छाया वर्मा जी उपस्थित रही।



# जिला पंचायत सीईओ ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत स्वीकृत निर्माणाधीन आवासों का किया निरीक्षण





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के ग्राम पेण्ड्री, अन्यानवागांव, खैरा, खुड़मुड़ी में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत स्वीकृत निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण किया। जिला पंचायत सीईओ ने योजनांतर्गत स्वीकृत निर्माणाधीन आवासों के हितग्राहियों से संपर्क कर आवास निर्माण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने हितग्राहियों को आवास निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा कर संपूर्ण किस्त की राशि अतिशीघ्र प्राप्त करने कहा। उन्होंने कहा कि ग्राम में जिन हितग्राही द्वारा आवास निर्माण कार्य सबसे पहले पूर्ण किया जाएगा, उनको सम्मानित किया जाएगा। जिन पर हितग्राहियों ने आवास निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने की बात कही। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह द्वारा योजना से संबंधित अधिकारियों को हितग्राहियों से समन्वय कर लगातार आवास निर्माण की देखरेख एवं निगरानी करने तथा हितग्राहियों को तकनीकी मार्गदर्शन देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आवास निर्माण कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जनपद पंचायत स्तर के नोडल अधिकारी एवं ग्राम पंचायत स्तर में आवास पूर्णता में विशेष योगदान देने वाले सरपंच, सचिव रोजगार सहायक, महिला स्वसहायता समूह को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डोंगरगढ़ सुश्री दिव्या ठाकुर, आवास प्रभारी जिला समन्वयक, आवास समन्वयक, वरिष्ठ करारोपण अधिकारी, विकासखंड समन्वयक, क्षेत्र के आवास नोडल अधिकारी, तकनीकी सहायक, सरपंच, सचिव एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



# शहनाज अख्तर ने अंचल के लोगों को भक्ति रस में डुबोया

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सामाजिक सौहदर का प्रतिक बनी प्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर ने कालेज मैदान में सांस्कृतिक कार्यक्रम पर आयोजित कार्यक्रम मे करीब साढ़े तीन घंटे तक अंचल के लोगों को भक्ति रस मे डुबोया। निशांत उत्साव समिति के आयोजन मे रिकार्ड लोगों ने उपस्थिति दर्ज कराया। कालेज मैदान मे निशांत उत्सव समिति ने रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया जिसमे सुप्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर ने शिरकत किया। पहली बार नगर मे प्रस्तुति देने पहुंची शहनाज ने रात 10 से 1.30 बजे तक अपनी प्रस्तुति से अंचल के लोगों को भक्ति रस मे डुबोते हुए जमकर थिरकने मजबूर कर दिया था। कार्यक्रम कि शुरुवात बालोद के जूनियर योगी राजेश शर्मा ने जय श्रीराम के उद्घोष के साथ किया। पब्लिक डिमांड पर शहनाज ने 30 से 40 भजनो कि प्रस्तुति दी। तकदीर मुझे ले चल, भगवा रंग, नौ दिन बनी दुल्हनिया, महाकाल है तो किस बात कि चिंता सहित अन्य भजनो मे दर्शकों ने सुर मे सुर मिलते हुए जमकर झूमें।



**स्वल्पहर का वितरण**- कार्यक्रम के दौरान आयोजन समिति ने चाय, पोहा का वितरण किया इस मौके पर पूर्व सांसद प्रदीप गाँधी,संरक्षक दिनेश गांधी संतोष वैष्णव, रामकुमार गुप्ता गुलशन हिरवानी, स्वरूप चंद जैन, बालकृष्ण सिन्हा, संतोष यादव,आयोजन समिति हेमंत चोपडा, मनीष बोहरा, अमित गाँधी, सौरभ जैन, अमिताभ श्री श्रीमाल, विशेष रूप से प्रशासनिक अधिकारी एस पी श्री गर्ग, एसडीएम श्रीकांत कोर्राम, तहसीलदार पी एल नाग, थाना प्रभारी उपेन्द्र शाह सहित अन्य बढ़ी संख्या मे मौजूद थे।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com